शीतकालीन ओलंपिक

शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन के लिये रूसी राष्ट्रपति, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और **मध्य एशिया** से पाँच राष्ट्रपति चीन पहुँचेंगे।

यात्रा का महत्त्व क्या है?

- रूसी राष्ट्रपति **यूक्रेन के साथ जारी संकट** पर चीनी राष्ट्रपति के साथ चर्चा करेंगे।
  - चीन के रूस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन संकट पर वह काफी हद तक चुप है।
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा चीन से निवेश हेतु चर्चा किये जाने के साथ ही **चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC)** योजना को गति देने की उम्मीद है।
  - चीन ने यह भी घोषणा की है कि वह पाकिस्तान के लिये संचार उपग्रहों के विकास पर चर्चा और **पाकिस्तान अंतरिक्ष केंद्र** के निर्माण में सहयोग करना चाहता है।
- चीन के **शिनज़ियांग प्रांत में कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन** के कारण अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने खेलों के **"राजनयिक बहिष्कार"** की घोषणा की है।

शीतकालीन ओलंपिक क्या है?

- शीतकालीन ओलंपिक उन खेलों की प्रमुख प्रतियोगिता है **जो बर्फ पर खेले** जाते हैं।
- यह **प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित** किया जाता है और इसमें दुनिया भर के प्रतिभागी शामिल होते हैं।
  - **आइस स्केटिंग, आइस हॉकी, स्कीइंग और फिगर स्केटिंग** कुछ लोकप्रिय खेल हैं जो शीतकालीन खेलों में खेले जाते हैं।
- पहला शीतकालीन ओलंपिक वर्ष 1924 में फ्राँस के शैमॉनिक्स में आयोजित किया गया था।
- शीतकालीन खेलों को प्रारंभ में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान ही खेला जाता था, वर्ष 1908 के लंदन ओलंपिक में चार स्केटिंग स्पर्द्धाओं की मेज़बानी की गई और वहीं एंटवर्प में 1920 में आयोजित ओलंपिक में स्केटिंग के साथ-साथ आइस हॉकी भी शामिल थी।
  - हालाँकि वर्ष 1924 में शीतकालीन खेलों के लिये एक अलग कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन खेल सप्ताह' कहा जाता है।
  - यह वर्ष 1924 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के मेज़बान देश - शैमॉनिक्स, फ्राँस में आयोजित किया गया था।
- दो वर्ष बाद 'शैमॉनिक्स' में 'अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन खेल सप्ताह' को आधिकारिक तौर पर पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के रूप में मान्यता दी गई।
- शीतकालीन ओलंपिक खेलों का इस वर्ष का संस्करण 4 फरवरी से 20 फरवरी, 2022 तक बीजिंग, चीन में आयोजित किया जाएगा।
- भारत वर्ष 1964 से शीतकालीन ओलंपिक में भाग ले रहा है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/winter-olympics